RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 105 • 27:04:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## 15 दिन में 40 प्रदर्शन, उम्मीदवारों को गांवों में जाने से रोका



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रचार करने में मुश्किलें पेश आ रही हैं। खासतौर से ग्रामीण हिस्सों में, जहां विभिन्न किसान संगठनों ने राज्य में केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों को आने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। बीजेपी अब तक पंजाब की 13 सीटों में से 9 पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। मालूम हो कि यहां कि सभी सीटों पर सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे। अगर बीते 15 दिनों की बात करें तो यहां भाजपा उम्मीदवारों को विभिन्न किसान समूहों के करीब 40 विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने न केवल बीजेपी विरोधी नारे लगाए और काले झंडे दिखाए, बल्कि कई मौकों पर उनके साथ धक्का-मुक्की भी हुई। संयुक्त किसान मोर्चा ने भाजपा उम्मीदवारों को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार करने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। पंजाब पुलिस की खुफिया शाखा के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा 15 विरोध प्रदर्शन फरीदकोट निर्वाचन क्षेत्र में हुए हैं। यहां से भाजपा ने हंसराज हंस को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने 4 अप्रैल को अपना प्रचार अभियान शुरू किया। इसके बाद से गायक-राजनेता को लगभग हर दिन किसान संघों के विरोध का सामना करना पड़ा है। पिछले बुधवार को अरैनवाला गांव में उत्तर पश्चिम दिल्ली के निवर्तमान सांसद हंसराज को किसानों ने रैली स्थल तक पहुंचने से रोक दिया। ऐसी स्थिति में एक एसपी-रैंक अधिकारी के नेतृत्व में बड़ी पुलिस इकाई को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान 25 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। इस बीच, पंजाब कांग्रेस के 3 पूर्व नेताओं को केंद्र सरकार ने वाय कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा मुहैया कराई है जिसके तहत इनकी सुरक्षा में अर्धसैनिक बलों के कमांडो तैनात रहेंगे। इन तीन नेताओं में से 2 भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि विक्रमजीत सिंह चौधरी, उनकी मां करमजीत कौर चौधरी और तजिंदर सिंह बिट्टू को केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा खतरे का पता चला। इसे देखते हुए वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

**मिशन पंजाब**

**पंजाब में मुश्किल में फंसी बीजेपी, किसानों से पार पाना नहीं है आसान**

## पीएम ने फिर की मंगलसूत्र और विरासत टैक्स की बात



**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक बार फिर मंगलसूत्र और विरासत टैक्स पर बयान दिया। पीएम ने कहा कि इंडिया गठबंधन महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों के खिलाफ खतरनाक कानून लाना चाहता है। कांग्रेसियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, आदिवासियों के गहने, हर किसी की प्रॉपर्टी जांच कराने का ऐलान किया है। इसके लिए कांग्रेस के शहजादे विदेश से एक्स-रे मशीन लाए हैं। वे पूरे देश में एक्स-रे करेंगे। कांग्रेस का इरादा सभी का पैसा, सोना-चांदी, जमीन कब्जा करने का है। उसका एक हिस्सा ये लोग अपने वोट बैंक को दे देंगे। ये कांग्रेस ने घोषणा की है, लेकिन टीएमसी वाले उसके खिलाफ नहीं बोलते। पीएम ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस में तुष्टीकरण का कॉम्पिटिशन चल रहा है। टीएमसी सरकार बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लाकर बसाने का काम करती है। इन घुसपैठियों को आपकी जमीन और खेत पर कब्जा करवाती है और कांग्रेस आपकी संपत्ति ऐसे वोटबैंक में बांटने की बात कर रही है। टीएमसी के राज में बंगाल में केवल हजारों करोड़ों के स्कैम चलते हैं। घोटाले टीएमसी करती है और भुगतान बंगाल की जनता को करना पड़ता है।

- **कहा-इंडिया गठबंधन आपकी प्रॉपर्टी पर कब्जा करेगा और अपने वोट बैंक में बांट देगा**

## तेलंगाना में इंटर स्कूल का रिजल्ट आते ही छाया मातम

- **कुछ घंटों में ही सात बच्चों ने कर ली आत्महत्या, परिजन परेशान**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में इंटरमीडिएट के नतीजे घोषित हुए कुछ घंटे ही हुए और अलग-अलग हिस्सों से 7 बच्चों की मौत की खबर है। इन सभी ने कथित तौर पर आत्महत्या की है। पुलिस का कहना है कि जान गंवाने वाले बच्चों की उम्र 17 वर्ष से कम है। खास बात है कि साल 2019 में इंटरमीडिएट नतीजे घोषित होने के बाद कम से कम 22 छात्रों ने खुदकुशी कर ली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, तेलंगाना स्टेट बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन के नतीजे घोषित होने के 30 घंटों के अंदर कम से कम 7 छात्रों ने कथित तौर पर आत्म हत्या कर ली। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसी घटनाओं की जानकारी पूरे राज्य



से मिल रही है। पहली घटना मंचेरियल जिले के तंदूर से थी, जहां 16 साल के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय पुलिस का कहना है कि वह फर्स्ट ईयर में चार विषयों में फेल हो गया था। उसने घर में फांसी लगा ली थी। अन्य घटनाओं में जान गंवाने वाली सभी लड़कियां थीं, जिनकी उम्र 16-17 साल थी। ये सभी एक या एक से ज्यादा परीक्षाओं में फेल हो गईं थीं। खबर है कि ये लड़कियां राजेंद्रनगर, खम्मम, महबूबाबाद और कोल्लूर से आती थीं। खास बातहै कि यह दुखद खबर ऐसे समय पर आई है, जब जेईई मेन एग्जाम में अच्छे नंबर हासिल करने वाले बड़ी संख्या में तेलंगाना से हैं। पूरे देश में 100 पर्सेंटाइल लाने वाले 56 उम्मीदवारों में से 15 तेलंगाना से थे। बीते तीन सालों से तेलंगाना से बड़ी संख्या में टॉपर्स निकल रहे हैं। फरवरी-मार्च में हुई इंटरमीडिएट की परीक्षा में 9.8 लाख छात्र बैठे थे। अब 61.06 फीसदी छात्र प्रथम वर्ष (कक्षा 11वीं के बराबर) के पास हुए। वहीं, 69.46 छात्र दूसरे वर्ष (कक्षा 12वीं के बराबर) के पास हुए। फेल होने वाले छात्रों के लिए पूरक परीक्षाएं 24 मई से शुरू होंगी।

**लोकसभा चुनाव सेकेंड फेज**

## केरल-बंगाल में बंपर वोटिंग महाराष्ट्र-बिहार व यूपी में 'सुस्ती'

**देश के 13 राज्यों की 88 सीटों पर ईवीएम में कैद हुई प्रत्याशियों की किस्मत**





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। 5 बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 76.06 फीसदी वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम मतदान हुआ। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोक रही हैं। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हो रही है। आउटर मणिपुर के कुछ हिस्सों में दोबारा वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो फेज में चुनाव की घोषणा की थी। 2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गई थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 1,202 कैंडीडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,098 पुरुष और 102 महिला उम्मीदवार हैं। दो प्रत्याशी थर्ड जेंडर से है। इससे पहले 19 अप्रैल को पहले फेज की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी। आज के बाद 5 फेज की वोटिंग 1 जून तक खत्म होगी।

इसके बाद 4 जून को रिजल्ट की घोषणा होगी। मध्यप्रदेश की 6 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश की 6 सीटों सतना, रीवा, दमोह, खजुराहो, टीकमगढ़ और होशंगाबाद पर वोटिंग संपन्न हो गई है। दोपहर तीन बजे तक इन सीटों पर ठीक वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा होशंगाबाद सीट पर और सबसे कम रीवा सीट पर पर मतदान हुआ है।

## एससी का आदेश ईवीएम पर ही करना होगा 'विश्वास'

- **सुप्रीम कोर्ट ने की ईवीएम-वीवीपैट के 100 फीसदी मिलान की मांग खारिज**
- **बैलट पेपर से चुनाव नहीं, पर कैंडीडेट की शिकायत पर ईवीएम की जांच होगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर से चुनाव कराने और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट स्लिप की 100 फीसदी क्रॉस-चेकिंग कराने से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दीं। लेकिन एक बड़ा फैसला भी दिया। कोर्ट ने ईवीएम के इस्तेमाल के 42 साल के इतिहास में पहली बार जांच का रास्ता खोल दिया। सुनवाई शुक्रवार को हुई और बेंच जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की थी। दोनों ने एकमत से फैसला सुनाया। इस केस में 3 पक्ष शामिल थे। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म यानी याचिकाकर्ता, चुनाव आयोग, सरकार और अफसर। केस चुनाव और मतदान से जुड़ा है तो राजनीतिक पार्टियां और आम जनता भी जुड़ी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा। दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडीडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है। शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे। किसी भी लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रवार की टोटल वीवीपैट में से 5 फीसदी मशीनों की जांच हो सकेगी। इन 5 फीसदी ईवीएम को शिकायत करने वाला प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि चुनेगा। इस जांच का खर्च कैंडीडेट को ही उठाना होगा।



### प्रधानमंत्री बोले-यह फैसला विपक्ष के मुंह पर तमाचा

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के अररिया में चुनावी सभा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला विपक्ष के मुंह पर करारा तमाचा है। विपक्ष को देश से माफी मांगनी चाहिए। इन्होंने बैलेट पेपर लूटकर राज किया। ये ईवीएम हटाना चाहते हैं, इनके सपने चूर-चूर हो गए। चुनाव आयोग के अधिकारी ने फैसले के बाद कहा कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को अदालतें 40 बार खारिज कर चुकी हैं। अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के बयान का जिक्र किया। इसमें राजीव कुमार ने कहा था कि ईवीएम 100 फीसदी सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल भी यह जानते हैं कि ये मशीनें सही हैं।

## दिल्ली मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव टला

**प्रिसाइडिंग ऑफीसर तय नहीं हो पाया, सियासत हो गई तेज**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव शुक्रवार को होना था, लेकिन प्रसाइडिंग ऑफीसर यानी पीठासीन अधिकारी तय न हो पाने के कारण इसे टाल दिया गया है। नगर निगम के सेक्रेटरी ने एक नोटिस जारी कर बताया कि दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एक्ट, 1957 के सेक्शन 77(डी) के तहत पीठासीन अधिकारी का नॉमिनेशन जरूरी है। इसलिए आज मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव संभव नहीं है। आम आदमी पार्टी ने गुरुवार शाम को ही आरोप लगाया था कि दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर के ऑफिस ने मेयर चुनाव को कैंसिल करवा दिया है। एमसीडी में आम आदमी पार्टी के इंचार्ज दुर्गेश पाठक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि चुनाव आयोग की तरफ से इजाजत मिलने के बाद भी भाजपा ने चुनाव रद्द करवा दिया है।




## फ्रांस के जरिए विजय माल्या को वापस लाने की तैयारी

- **दावा-भारत ने बेशर्त प्रत्यर्पण मांगा; माल्या की फ्रांस में भी 313 करोड़ की संपत्ति**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को देश लाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने फ्रांस के अधिकारियों से बना शर्त माल्या को प्रत्यर्पित करने की मांग की है। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी। माल्या अभी ब्रिटेन में है, लेकिन भारत इस वक्त हर उस देश से संपर्क कर रहा है जहां माल्या की प्रॉपर्टी है। ऐसा इसलिए जाकी अगर माल्या ब्रिटेन छोड़कर दूसरे देश भागता है तो उसे वहां से भारत लाने में ज्यादा समय न लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और फ्रांस



के बीच में माल्या के प्रत्यर्पण पर बातचीत 15 अप्रैल को काउंटर-टेररिज्म के वर्किंग ग्रुप की एक बैठक के दौरान हुई। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है। फ्रांस ने इस बैठक में कुछ शर्तों के साथ माल्या के प्रत्यर्पण का ऑफर दिया, लेकिन भारत ने उनसे शर्तें हटाने को कहा है। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी केडी देवल शामिल हुए थे। इसके अलावा बैठक में इंटेलीजेंस एजेंसी के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। किंगफिशर एयरलाइंस समेत कई कंपनियों के मालिक रहे भारतीय बिजनेसमैन विजय माल्या पर देश के 17 बैंकों के करीब 9 हजार करोड़ रुपए बकाया हैं।

## गहलोत बोले-किसी विधायक सांसद के फोन टैप नहीं हुए

- **पीएम झूठ बोलते हैं, हमारे बारे में अमेरिका-जर्मनी तक बोल रहे- क्या तमाशा हो रहा**

**जयपुर/जोधपुर (एजेंसी)।** पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा के आरोपों के बाद राजस्थान में फोन टैपिंग को लेकर सियासत फिर तेज हो गई है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने फोन टैपिंग के आरोपों को सिरे से खारिज किया। साथ ही, उन्होंने पीएम मोदी और बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा- पीएम झूठ बोलते हैं। गहलोत ने राजस्थान में दो डिजिट में कांग्रेस की सीटें आने का दावा किया है। शुक्रवार को जोधपुर के एक होटल में गहलोत ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा- फोन टैपिंग का कोई मुद्दा नहीं है। जो कहा गया उसका मैं जवाब देना नहीं चाहता हूं। इतना ही कहना चाहता हूं, राजस्थान में किसी पार्टी की सरकार हो। कभी भी एमएलए और एमपी के टेलीफोन टैप नहीं होते। एक लाइन में समझ जाइए। राजस्थान में जहां तक मैं जानकारी रखता हूं, किसी भी एमएलए एमपी के कभी भी टेलीफोन टैप नहीं हुए होंगे, ना होते हैं।



**उम्मीदवारों पर लगे बैन, सुप्रीम कोर्ट में दायर हुई नई अर्जी**

## नोटा को मिलें सबसे ज्यादा वोट तो दोबारा हो चुनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव में ईवीएम से वोटिंग के बाद हर वीवीपैट का मिलान करने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस बीच एक और याचिका सुप्रीम अदालत में पहुंची है, जिसमें मांग की गई है कि यदि किसी सीट पर सबसे ज्यादा वोट नोटा के हों तो दोबारा इलेक्शन कराया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, यह बात चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी है। ऐसे में हम देखते हैं कि चुनाव आयोग क्या जवाब देता है। यह टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने आयोग को नोटिस जारी किया है और जवाब मांगा है। यह जनहित याचिका मोटिवेशनल स्पीकर और लेखक शिव खेड़ा की ओर से दाखिल की गई है। खेड़ा की ओर से पेश अर्जी पर बहस करते हुए वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि यह एक अहम मसला है, जिस पर विचार करना जरूरी है। उन्होंने सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा कैंडीडेट के निर्विरोध जीतने का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां वह मैदान में अकेले ही बचे थे। वकील ने कहा कि हमने देखा कि सूरत में कोई कैंडिडेट ही नहीं बचा। सारे वोट एक ही उम्मीदवार को जाने थे।

इस अर्जी में कहा गया कि चुनाव आयोग को नोटा को भी एक चुनावी उम्मीदवार घोषित करना चाहिए। इसके अलावा यदि चुनाव में सबसे ज्यादा वोट नोटा को मिल जाएं तो फिर चुनाव दोबारा कराए जाने चाहिए। अर्जी में कहा गया कि लोकसभा, विधानसभा और निकायों समेत सभी चुनावों में नोटा को 2013 से लागू किया गया था। तब से अब तक दो बार मांग की जा चुकी है कि नोटा को एक काल्पनिक कैंडीडेट घोषित किया जाए। अर्जी में कहा गया कि महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और पुदुचेरी समेत कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में नोटा को लेकर यह नियम लागू किया गया है। इन चारों जगह पर यह नियम है कि यदि किसी चुनाव में नोटा के वोट सबसे ज्यादा रहते हैं तो दोबारा इलेक्शन कराया



जाए। यही नहीं शिव खेड़ा ने अपनी याचिका में मांग की है कि चुनाव आयोग नोटा का अच्छे से प्रचार करे। उस कैंपेन में बताया जाए कि चुनाव में आपके पास नोटा का भी एक विकल्प होगा। यदि आप नोटा को सबसे ज्यादा चुनेंगे तो दोबारा इलेक्शन कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लैलख में महिला पंच ने महिला का सिर फोड़ा

**भागलपुर/सबौर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के लैलख में महिला पंच ने लाठी से मारकर महिला का सिर फोड़ दिया। घटना गुरुवार की बताई जा रही है महिला ग्राम कचहरी लैलख के वार्ड नंबर 4 की महिला पंच रजिया देवी बताया गयी है। घायल महिला नीलम देवी ने बताया कि छोटी-मोटी बात को लेकर महिला पंच वार्ड सदस्य हमें और परिजनों की पिटाई है। इस मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। घायल महिला को इलाज के लिए भेजा गया है।

### फरार शिक्षकों की भेजी जा रही सूची

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** योगदान के बाद विद्यालय से फरार चल रहे शिक्षकों की सूची जिला को भेजी जा रही है। बीआरसी के लेखापाल कृष्णानंद कुमार पासवान ने बताया कि सुल्तानगंज प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय गनगनिया के निरंजन कुमार व मध्य विद्यालय किसनपुर के शिक्षक आदित्य विनायक है। संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि दोनों शिक्षक फर्जी हैं। जांच के बाद मामला स्पष्ट होगा। वहीं प्रखंड में सात शिक्षक बीपीएससी टायर वन में नियुक्त हुए थे, लेकिन बायोमेट्रिक सत्यापन में अनुपस्थित पाये गये हैं। इनकी सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजी गयी है।

### बारातियों से भरी बोलेरो ट्रक से टकराई, 3 की मौत

**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया में ट्रक-बोलेरो की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई है। छह गंभीर रूप से घायल हैं। घटना मनुआपुल थाना क्षेत्र के नवलपुर मनुआपुल मुख्य मार्ग स्थित बाबू टोला गुरवलिया की है। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को जीएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया गया कि बारात योगापट्टी गोला घाट से पूर्वी चंपारण के पलनवा थाना क्षेत्र के गढ़वा भोगाडी गांव में गई थी। दीनानाथ महतो के छोटे बेटा रूपेश कुमार की शादी थी। उसी शादी से सब लौट रहे थे तभी हादसा हो गया। मृतकों की पहचान धर्मनाथ यादव (18), प्रकाश यादव (65), जनार्दन यादव (55) के रूप में हुई है। सभी घर गोला घाट डुमरी वार्ड 7 के निवासी थे। वहीं, घायलों में दूल्हा के जीजा सुनिल कुमार, चाचा जोगिंदर महतो, भाई राजनंदन, सोनू कुमार, किनू कुमार और रामदेव महतो शामिल हैं। बाराती अवधेश यादव ने बताया कि बारात से बोलेरो वापस आ रही थी तभी हादसा हुआ है। कहा कि गाड़ी के पीछे ट्रक आ रहा था लेकिन अचानक क्या हुआ ये कहा नहीं जा सकता। दोनों वाहनों में टक्कर हो गई जिसमें तीन की स्पॉट डेथ हो गई बाकी एडमिट हैं।



### समस्तीपुर में सन्नी हजारी को टिकट मिलने से डॉ. अशोक कुमार नाराज, सोनिया गांधी को लिखा पत्र

**समस्तीपुर , एजेंसी।** समस्तीपुर से लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार के तौर पर जदयू के मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी को टिकट दिए जाने पर कांग्रेस में बवाल मचा हुआ है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस के नेता डॉ. अशोक कुमार ने नाराजगी जाहिर करते हुए सोनिया गांधी को पत्र लिखा है। अशोक कुमार ने सोनिया गांधी को पत्र लिखा है कि समस्तीपुर में दो मंत्रियों के बच्चों के बीच लड़ाई है और इसी में चुनाव करने की मजबूरी है। अशोक कुमार ने कहा है कि एक तरफ एनडीए के उम्मीदवार के रूप में जदयू मंत्री अशोक चौधरी की पुत्री शांभवी चौधरी को टिकट दिया गया है वहीं कांग्रेस की तरफ से भी जदयू के ही मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी को टिकट दिया गया है। अशोक कुमार ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि 25 अप्रैल को नामांकन की अंतिम तारीख है इसलिए इस पत्र को अति आवश्यक समझते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए। हालांकि आज नामांकन की तारीख खत्म हो गई। बता दें कि अशोक कुमार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और समस्तीपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के कई बार उम्मीदवार भी रहे हैं। पिछले दो बार लोकसभा चुनाव व उपचुनाव में उनकी हार होती रही है। उससे पहले अशोक कुमार बिहार में विधायक और मंत्री के पद पर भी रह चुके हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी वह कांग्रेस से टिकट चाह रहे थे। लेकिन पार्टी सन्नी हजारी को अपना उम्मीदवार बना दिया।

# बिहार में बदलेगी जमीन मापी की प्रक्रिया; नहीं होगा राजस्व कर्मचारी की रिपोर्ट का इंतजार, सीओ लेंगे फैसला



**पटना, एजेंसी।** बिहार में में जमीन की मापी कराने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा कुछ महीने पहले शुरू हुई थी। लेकिन, अब इसकी प्रक्रिया में बदलाव करने की तैयारी हो रही है।

इसकी मुख्य वजह कर्मचारी के स्तर पर इन आवेदनों के निपटारे में लापरवाही या अन्य किसी कारणों से अधिक समय लगाना है। इसे ठीक करने के लिए यह बदलाव किया जा रहा है। विभाग के अनुसार अब नई व्यवस्था के अंतर्गत जमीन की मापी कराने के लिए आने वाले आवेदनों को कर्मचारी के पास नहीं भेजा जाएगा। सीओ (अंचलाधिकारी) की ओर से सभी आवेदनों को सीधे अमीन के पास मापी के लिए भेज दिया जाएगा। इस प्रक्रिया में कर्मचारियों की भूमिका पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी। इससे आवेदनों के निष्पादन में देरी नहीं हो सकेगी। मिली जानकारी के अनुसार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग फिलहाल इस प्रस्ताव को अंतिम रूप देने में जुटा है। चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही इस पर कोई अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है। फिलहाल विभागीय स्तर पर इससे जुड़े सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### जटिल प्रक्रिया के कारण 10 दिन की जगह लग रहा एक महीना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्तर से जमीन की ऑनलाइन मापी कराने के लिए ई-मापी नामक वेबसाइट बनाई गई है। साथ ही यह प्रावधान किया गया है कि इसके माध्यम से मापी के लिए आवेदन करने वाले को अधिकतम 10 दिनों में मापी करा दी जाएगी। सीओ के पास आने वाले इन आवेदनों को पहले कर्मचारी के पास भेजा जाएगा, वहां से जमीन से संबंधित सभी बातों की जांच करने के बाद इसे अमीन के पास मापी के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए आवेदकों को एक तारीख मुहैया कराई जाती है, जिस पर उपस्थित होकर सभी संबंधित लोग मापी करवा सकते हैं। लेकिन इस मौजूदा प्रक्रिया में 10 दिन के स्थान पर जमीन मापी कराने में महीनेभर या ज्यादा समय लग रहा है। लंबित आवेदनों की संख्या 10 हजार से अधिक हो गई है।

### लटकाकर रखते हैं मामला

विभागीय स्तर पर लंबित पड़े मामलों की पूरी समीक्षा करने के बाद यह बात सामने आई कि कर्मचारी के स्तर पर इन आवेदनों का निपटारा करने में काफी समय लग रहा है। कुछ मामलों में कर्मचारी आदतन इन्हें जानबूझ कर लटका कर रखे रहते हैं। इस कारण मामले का निपटारा समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके मद्देनजर विभाग इसमें बदलाव करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है।



### पटना में पति-पत्नी ने किया सुसाइड

**पटना, एजेंसी।** पटना के बेऊर थाना स्थित दशरथा गांव के इंद्रपुरी मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह पति-पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बेऊर थाना को दी।

**सुसाइड नोट भी मिला :** सूचना मिलने के बाद बेउर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर पति-पत्नी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विक्रम सिहाग ने बताया कि मामला आपसी पारिवारिक विवाद का बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें आपसी विवाद की बात लिखी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मृतक पति-पत्नी के दो बेटी हैं, जो 12 वर्ष की एक बेटी नानी के साथ रहती है, जबकि दूसरी सहानवी 8 वर्ष की मां पिता के साथ थी। दशरथा गांव के इंद्रपुरी मोहल्ले में पप्पू राय अपनी पत्नी पूजा कुमारी एवं 8 वर्ष की बेटी सहानवी के साथ विकास कुमार के मकान में किराए में रहते थे। पप्पू राय प्राइवेट काम किया करते थे। पप्पू राय की पत्नी पूजा कुमारी से देर रात किसी बात को लेकर आपसी विवाद हुआ था। इसी विवाद को लेकर दोनों पति-पत्नी पप्पू राय एवं पूजा कुमारी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले इन्होंने एक सुसाइड नोट घर के किचन में रखा था।

# हथियार के साथ बाइक सवार दो लोग गिरफ्तार

**घटना को अंजाम देने जा रहे थे, वाहन चेकिंग के दौरान दोनों धराए; पिस्टल-कारतूस बरामद**

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र अन्तर्गत नासरीगंज-सकड्डी हाईवे पर कारवासीन मोड़ के समीप पुलिस ने पिस्टल और गोली के साथ दो बदमाशों को पकड़ा। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह के बयान पर प्राथमिकी की गई है। पकड़े गए आरोपितों में दीप नारायण उर्फ जाटा यादव और सोनू कुमार शामिल है। दोनों अजीमाबाद थाना क्षेत्र के ताराचक गांव के निवासी हैं। बरामद पिस्टल पर मेड इन यूएसए लिखा है। जाटा यादव पूर्व में भी आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। दोनों के पास से एक बाइक और दो मोबाइल भी जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार एक बाइक पर सवार दो बदमाश किसी घटना को अंजाम देने अजीमाबाद की ओर जा रहे थे।

### पुलिस को देख भाग रहे थे

जिसके बाद नासरीगंज-सकड्डी हाईवे पर कारवासीन मोड़ स्थित चेक पोस्ट पर चेकिंग लगाया गया। पहले पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। बाद में दोनों पकड़े गए। तलाशी के दौरान एक देसी पिस्टल और दो गोली बरामद हुए। बाइक का भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। अवैध हथियार और गोली रखने के आरोप में प्राथमिकी की गई है।

### पुलिस ने 75 वांछितों को पकड़ा

लोक सभा चुनाव के मद्देनजर वांछित आरोपितों और शराब बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के दौरान 75 पकड़े गए। इसमें दुष्कर्म में तीन, हत्या के प्रयास में 5, एससी-एसी एक्ट में एक, पुलिस पर हमले में 2, रंगदारी मामले में 2, आर्म्स एक्ट में 5, डायन अधिनिम में 3, वारंट में 16 और शराब में 37 पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान 12 अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 362 लीटर देसी और तीन लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। 21240 लीटर शराब नष्ट हुई। टाउन थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास



और डायन अधिनियम के मामले में तीन आरोपित कमलेश कुमार, दिनेश बिंद और तेतर बिंद को गिरफ्तार किया गया। तीनों उजियार टोला, बिंद टोली के निवासी हैं। महिला थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपितों को पकड़ा। कोईलवर थाना पुलिस ने रंगदारी में दो आरोपितों को पकड़ा। करनामेपुर ओपी पुलिस ने हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। साल 2018 से ही पुलिस को तलाश थी।

# बांका, भागलपुर, पूर्णिया समेत 14 जिलों में हीट वेव का अलर्ट

**पटना, एजेंसी।** बिहार के कई जिले लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने 28 अप्रैल तक पटना, पश्चिम चंपारण, गोपलगंज, सारण, बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद, जहानाबाद, शेखपुरा, गया, जमुई, बांका, भागलपुर, पूर्णिया में लू का अलर्ट जारी किया गया है।

बाकी 24 जिलों में हॉट डे रहेगा। वहीं गुरुवार को 8 जिलों का पारा 40 डिग्री के ऊपर दर्ज किया गया। गया 41.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ज्यादा गर्म रहा।

मौसम विभाग के अनुसार आज 26 अप्रैल को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच सतही हवा की रफ्तार 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे रहने कि संभावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान घर से बाहर निकलने से बचने और खुद को हाइड्रेटेड रखने की सलाह दी है।

### स्कूल की टाइमिंग फिर बदली...10.30 बजे तक ही चलेगी क्लास

पटना जिले में बढ़ती गर्मी से बच्चों के सेहत पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को रोकने के लिए डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने एक बार फिर



स्कूलों के टाइमिंग में बदलाव किया है। अब 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिले के सभी सरकारी, निजी, प्री-स्कूल के साथ आंगनबाड़ी में चलने वाली 10वीं तक की कक्षाएं सुबह 10.30 बजे तक चलेगी। 11वीं और 12वीं की कक्षाएं सुबह 11.30 बजे तक चलेंगी।

### फिलहाल गर्मी से राहत नहीं

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि फिलहाल गर्मी से निजात नहीं मिलने वाली है। दिन चढ़ते ही गर्म हवा चलने लगेगी। 12 बजे से 3 बजे तक घर से बाहर ना निकलें तो बेहतर है। अगर निकलें तो भरपेट पानी पीकर निकलें। हल्के सूती वस्त्र पहनें। छाता लेकर चलें।



### गर्लफ्रेंड का मोबाइल देने के बहाने दोस्त ने मारी गोली

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** शहर में छात्र की हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ रामकृष्णा ने बताया कि आशीष अपनी गर्लफ्रेंड का मोबाइल रख लिया था। उसकी गर्लफ्रेंड ने मोबाइल वापस लेने के लिए प्रिंस से मदद मांगी। इसके बाद उसने मोबाइल लौटाने की बात कह कर मुख्य आरोपी आशीष ने प्रिंस को अपने कमरे में बुलाया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं पुलिस को गुमराह करने के लिए उसे घायल स्थिति में भर्ती भी कराया। इलाज के दौरान जब उसे मुजफ्फरपुर लेकर जाने लगे तो मौत हो गई। पूछताछ में आरोपी आशीष ने पुलिस को बताया कि लूट की नीयत से पुनौरा थाना क्षेत्र में कुछ बदमाशों ने गोली मारी है। जब जांच हुई तो कुछ और ही कहानी निकल कर आई। पुलिस ने घटनास्थल से खून लगा कपड़ा और लड़की का मोबाइल बरामद कर लिया है। इसके साथ ही सभी को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। हालांकि घटना में इस्तेमाल होने वाला हथियार बरामद नहीं हुआ है और अन्य तीन आरोपी भी फरार चल रहा है। बता दे कि मुख्य आरोपी पुनौरा थाना क्षेत्र के राघोपुर बखरी निवासी आशीष यादव उर्फ बाबाजी है और दूसरा आरोपी नगर थाना क्षेत्र के कोट बाजार निवासी सचिन कुमार है। फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# ट्रेन का चक्का जाम होने से सहरसा-पूर्णिया रूट 8 घंटे बाधित; 7 ट्रेनें कैंसिल, 3 शॉर्ट टर्मिनेट





**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा-पूर्णिया-कटिहार रूट पर ट्रेन सेवा गुरुवार की देर रात से बाधित हो गई है। जिसकी वजह पूर्णिया से सहरसा आ रही ट्रेन के इंजन का कारु खिरहरी हॉल्ट पर चक्का जाम होना बनी। इस कारण इंजन सहित पैसेंजर ट्रेन देर रात 12.25 बजे से सहरसा शहर के कारु खिरहरी हॉल्ट पर खड़ी रही। करीब आठ घंटे बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य हो गया है। शुक्रवार की सुबह सवा आठ बजे तक इस रूट पर ट्रेन सेवा प्रभावित रही। बीती रात काफी देर तक चक्का को दुरुस्त करने में रेलकर्मी जुटे रहे। काफी मशक्कत के बाद सफलता मिली। हैं। इससे पहले ट्रेन का चक्का जाम होने से सहरसा-पूर्णिया रूट पर जहां-तहां ट्रेनें फंसी रही है। मनिहारी-जयनगर जानकी एक्सप्रेस जानकीनगर, पूर्णिया कोर्ट-पाटलिपुत्र जनहित एक्सप्रेस मधेपुरा में रुकी हुई है। अमृतसर जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस को सहरसा-पूर्णिया कोर्ट के बीच रद्द करते सहरसा से ही चलाने का निर्णय लिया गया है। रूट जाम होने का असर मानसी रूट से सहरसा स्टेशन आने व जाने वाली ट्रेनों के परिचालन समय को भी प्रभावित कर दिया है। यात्री परेशान हैं। ट्रेन का चक्का जाम होने से 7 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया। जिसमें ये ट्रेनें शामिल रहीं। वहीं तीन ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट किया गया है। पूर्णिया कोर्ट की बजाय मधेपुरा से जनहित एक्सप्रेस पाटलिपुत्र को जाएगी। अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जनसेवा एक्सप्रेस सहरसा तक ही रही और आगे के लिए रद्द कर दी गई। पूर्णिया कोर्ट-सहरसा के बीच जनसेवा एक्सप्रेस रद्द रही और सहरसा से ही अमृतसर के लिए खुलेगी। पूर्णिया कोर्ट हटिया कोसी एक्सप्रेस बनमनखी फिर मुरलीगंज में फंसी है।

**पाटलिपुत्र–सहरसा जनहित एक्सप्रेस**

सहरसा–पूर्णिया कोर्ट (05240)
पूर्णिया कोर्ट–सहरसा (05239)
सहरसा–बिहारीगंज अप डाउन (05230/05229)
बिहारीगंज–पूर्णिया कोर्ट अप डाउन (05237/05238)

# समस्तीपुर के 2 जजों पर पटना हाई कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**दहेज मामले में ट्रायल कोर्ट का फैसला सुन भड़क गए हाईकोर्ट के न्यायाधीश**




**पटना , एजेंसी।** पटना हाईकोर्ट ने दहेज प्रताड़ने के मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया. कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर गलत तरीके से ट्रायल चलाए जाने और फिर सजा देने के मामले में समस्तीपुर जिला आदलत के दो जजों को ही सांकेतिक सजा सुनाई. याचिकाकर्ता को हुई यातनाओं को देखते हुए हाईकोर्ट ने दोनों जजों को 100 रुपये का सांकेतिक हर्जाना देने का आदेश दिया. न्यायमूर्ति विवेक चौधरी की बेंच ने अपने आदेश में कहा कि एक ऐसे व्यक्ति को दोषी ठहराया गया जिसके खिलाफ मुकदमा भी चलाए जाने योग्य नहीं था. समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय अनुमंडल निवासी सुनील पंडित की अधीनस्थ अदालत द्वारा उनकों सुनायी गयी सजा के खिलाफ दायर एक याचिका को स्वीकार करते हुए उक्त आदेश पारित किया. पंडित ने समस्तीपुर के अतिरिक्त सत्र न्यायालय के एक आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 2016 में उन्हें तीन साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी. याचिकाकर्ता को उसी गांव की रहने वाली एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में नामजद किया गया था. महिला ने अपने पति पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था.

न्यायमूर्ति चौधरी ने याचिकाकर्ता को आईपीसी की धारा 498ए (एक महिला के खिलाफ उसके पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता) और दहेज अधिनियम के तहत अपराध से बरी कर दिया. अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता उक्त महिला के पति का रिश्तेदार नहीं बल्कि अन्य आरोपी व्यक्तियों का सलाहकार मात्र था. सेशन जज और मजिस्ट्रेट जज पर लगा जुर्माना हाईकोर्ट ने संबंधित न्यायिक अधिकारियों सब-डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश- तृतीय, समस्तीपुर के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट को अनुभाग में 100-100 रुपये की सांकेतिक राशि जमा करने का निर्देश दिया. न्यायमूर्ति चौधरी ने कहा कि जुर्माना दोनों अधीनस्थ अदालतों के उदासीन दृष्टिकोण के कारण याचिकाकर्ता को हुई मानसिक पीड़ा, आघात और सामाजिक बदनामी को देखते हुए यह ''सांकेतिक राशि'' का जुर्माना लगाया जा रहा है. न्यायमूर्ति चौधरी ने कहा, ''शिकायत की सावधानीपूर्वक जांच करना और फिर संज्ञान लेना और कानून के अनुसार आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करना सभी अदालतों की बाध्यता और कर्तव्य है.''

### बिहटा में 6 दुकानों में लगी आग-शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ हादसा, लाखों का हुआ नुकसान



**पटना, एजेंसी।** पटन के बिहटा व-क्रम मुख्य मार्ग में सह डॉ. ललित मोहन शर्मा के नजदीक बीते देर रात को की शार्ट सर्किट से अचानक आधा दर्जन से अधिक दुकानों में आग लग गई। अगलगी में कई जिंदा बकरी,मुर्गा समेत अन्य समान जल कर खाक हो गए।

करीब 12 से 15 लाख की संपत्ति जल का राख हो गई ।घटना की सूचना पर बिहटा थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने घंटो मशक्कत के बाद तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे के करीब की शार्ट सर्किट होने से उसकी निकली चिंगारी दुकान पर गिर गई। देखते देखते आसपास में कई दुकानें को आग ने चपेट में लिया। बिहटा थाना प्रभारी दीक्षा भंवरे ने कहा कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है।फिलहाल पीड़ित के तरफ से लिखित आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई किया जायगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना एयरपोर्ट पर विस्तारा की फ्लाइट खराब, मुंबई से टेक्निकल टीम पहुंची

**पटना।** पटना एयरपोर्ट पर विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके 717 दिल्ली से पटना आने के बाद खराब हो गई। जांच के दौरान ये जानकारी मिली की इसके इंजन में कुछ टेक्निकल फॉल्ट है। इसके बाद इससे यात्रा करने वाले यात्रियों को इसकी सूचना दी गई है। यह फ्लाइट सुबह 9 बजे के आस पास पटना एयरपोर्ट पर पहुंची थी और 11 बजे फिर से इसे पटना से दिल्ली जाना था। विमान में आई तकनीकी खराब को ठीक करने के लिए मुंबई से इंजीनियर्स को बुलाया गया है। कंपनी की तरफ से इस फ्लाइट से जाने वाले यात्रियों को अलग फ्लाइट की व्यवस्था की गई है।

### दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार, 3 साल पहले बाप

**हाजीपुर।** वैशाली के राघोपुर थाना की पुलिस ने दोहरे हत्याकांड में तीन साल से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने बताया कि जमीन विवाद में तीन साल पहले मुख्य आरोपी अमन कुमार ने 6 नवंबर 2021 को तीन लोगों पर गोली चलाई गई थी। इसमें विवेक कुमार गंभीर रूप से घायल गया था। जबकि उसके पिता सोनू कुमार सिंह और दादा कामेश्वर सिंह की मौत हो गई थी। घटना में 8 लोगों को अभियुक्त बनाया गया था। इसमें एक की गिरफ्तारी उसी दिन हो गई थी, जबकि बाकी 7 लोग फरार चल रहे थे। गुरुवार को मुख्य आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। फिलहाल 6 लोग मामले में फरार चल रहे है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### पिकअप से एक हजार लीटर स्प्रिट बरामद, पुलिस को देखकर शराब तस्कर फरार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पुलिस चुनावी माहौल को लेकर लगातार विशेष अभियान चला रही है। इस दौरान सभी थाने की पुलिस ने इस अभियान के तहत गश्ती बढ़ा दी है। जिला पुलिस अवैध शराब और अपराधी गतिविधि के खिलाफ लागातार सूचना संकलन कर रही है। इस क्रम में सिकंदपुर थाना क्षेत्र की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर रामजानकी मंदिर के सामने वाली गली में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची। इस दौरान शराब तस्कर पिकअप से बड़ी मात्रा में स्प्रिट लेकर जा रहा रहा था। पुलिस को देखते ही शराब तस्कर पिकअप छोड़कर भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वो भाग गया।

**वाहन को जब्त कर पुलिस थाने ले आई:** पुलिस की टीम ने पिकअप की जांच की। इस दौरान पुलिस को पांच ड्राम में एक हजार लीटर स्प्रिट मिली। जिसके बाद पुलिस पिकअप को जब्त कर थाने ले गई। मामले में एफआईआर दर्ज कर फरार तस्कर की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है। Asp भानू प्रताप सिंह ने बताया कि 1000 लीटर स्प्रिट बरामद की गई है। इस मामले में मध्य निषेध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई। इसके साथ वाहन मलिक और चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में जांच चल रही है। जल्दी ही आरोपित की गिरफ्तारी होगी।

### मुजफ्फरपुर में तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को रौंदा, घटनास्थल पर ही हुई मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप ने शादी समारोह में गोलगप्पे का स्टॉल लगाने जा रहे एक युवक को रौंद दिया। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना मधुबनी फोरलेन की है। मृतक की पहचान मधुबनी गांव के सैनिक टोला निवासी विकेंद्र पासवान(35) के तौर पर हुई है। जो गोलगप्पा बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जानकारी के मुताबिक गुरुवार विकेंद्र बाइक से गोलगप्पे का स्टॉल लगाने जा रहा था। इस पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों में इस घटना काफी आक्रोश है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए SKMCH भेज दिया है। सदर थाना अध्यक्ष अश्मित कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बिहटा में 6 दुकानों में लगी आग, शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ हादसा, लाखों का हुआ नुकसान



**पटना।** पटना के बिहटा व-क्रम मुख्य मार्ग में सह डॉ. ललित मोहन शर्मा के नजदीक बीते देर रात को की शार्ट सर्किट से अचानक आधा दर्जन से अधिक दुकानों में आग लग गई। अगलगी में कई जिंदा बकरी,मुर्गा समेत अन्य समान जल कर खाक हो गए। करीब 12 से 15 लाख की संपत्ति जल का राख हो गई ।घटना की सूचना पर बिहटा थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने घंटो मशक्कत के बाद तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे के करीब की शार्ट सर्किट होने से उसकी निकली चिंगारी दुकान पर गिर गई। देखते देखते आसपास में कई दुकानें को आग ने चपेट में लिया। बिहटा थाना प्रभारी दीक्षा भंवरे ने कहा कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है।फिलहाल पीड़ित के तरफ से लिखित आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई किया जायगा।

### मसौढ़ी में सिलेंडर ब्लास्ट, 6 झोपड़ी जलकर राख, 30 से ज्यादा लोग घायल



**पटना।** पटना के मसौढ़ी अनुमंडल के चपौर गांव में गैस सिलेंडर लीक होने से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास की कई झोपड़ियां को अपनी चपेट में ले लिया और आधा दर्जन झोपड़ियां जलकर राख हो गई। आग को बुझाने और गैस सिलेंडर के ब्लास्ट होने से इसकी चपेट में आने से 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना लहसूना थाने को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना और अग्नि दस्ते की गाड़ी मौके पर पहुंची। इस बीच छह झोपड़ियां जलकर राख हो गई। शुक्रवार की सुबह संतु पासवान के घर पर महिलाएं गैस सिलेंडर से खाना बना रही थी। इसी क्रम में गैस सिलेंडर अचानक लीक हो गया और तेजी से आग फैलने लगी। आग को बुझाने के लिए आसपास झोपड़ी के लोग मौके पर पहुंचे। इस बीच गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। गैस सिलेंडर के ब्लास्ट करते ही आग की लपेट तेज हो गई। इसी क्रम में आसपास के 6 झोपड़ियां को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते 6 झोपड़ियां जलकर राख हो गई। लहसुना थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष मोहम्मद जावेद ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में संतु पासवान, बुलट पासवान, बेआदर पासवान, पिंकू पासवान, भागवत ठाकुर, नवीन पासवान के घर पूरी तरह जल कर नष्ट हो गए।

# होटल पाल के मालिक पर केस हादसे के बाद भाग गए स्टाफ

एजेंसी, पटना।



पटना में गुरुवार को होटल पाल में लगी आग में 6 लोगों की मौत हो गई। अब इस मामले में होटल पाल और होटल अमृत के मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दोनों होटल के मालिकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। होटल मालिकों के अलावा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस केस का IO (इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर) इंस्पेक्टर शकील अहमद को बनाया गया है। केस दर्ज होने की पुष्टि कोतवाली थानाध्यक्ष राजन कुमार ने की है। दरअसल, जिस समय आग लगी, उस समय होटल कई लोग खाना खा रहे थे, तो कई लोग दूसरे और तीसरे फ्लोर के कमरे में सो रहे थे। आग इतनी खतरनाक थी कि बहुत लोगों को संभलने या भागने मौका नहीं मिला। इस घटना के बाद अभी भी कुछ लोग सदमे में हैं, जो इस हादसे के शिकार होते-होते बचे है। वहीं, कई परिवारों में मौत का मातम पसरा है। इस घटना में बंगाल की रहने वाली एक डांसर शेख दुलारी ने अपनी आपबीती सुनाई। डांसर ने बताया कि हादसे के दौरान वह कमरे में सो रही थी, लेकिन किसी कर्मचारी ने उठाने की कोशिश नहीं की। होटल के सभी कर्मचारी बिना बताए भाग गए। शेख दुलारी का कहना है कि वह किसी तरह अपने साथी के साथ कंबल ओढ़कर छत पर पहुंचकर अपनी जान बचाई। दूसरी ओर मृतकों में एक भोजपुर निवासी देवेंद्र पाठक का 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार पाठक भी है। जो अपने दोस्त के साथ होटल में खाना खाने गया था। इसी दौरान गैस रिसाव होने से पूरे होटल में आग लग गई और राहुल अंदर ही फंस गया। उसकी झुलस कर मौत हो गई। राहुल 10 साल से पटना में रह रहा था। चाट दुकान में काम करता था।

**डांसर बोली- ऑर्क्रेस्टा बैंड ने 14 हजार में बिहार बुलाया, लेकिन पैसा नहीं दिए:** डांसर शेख दुलारी ने बताया कि वह अपने साथी के साथ डांस करने आरा के नवादा गई थी। आलम ऑर्क्रेस्टा बैंड ने 14 हजार रुपए में साटा कर के बुलाया था। प्रोग्राम के बाद रुपए भी नहीं दिए। बीच रास्ते में गाड़ी से धक्का मारकर उतार दिया। जैसे-तैसे कर के वह पटना आई। कार्यक्रम के दौरान जगी थी। इसलिए पाल होटल में ठहर गई। वह दिन में सोने के बाद रात में ट्रेन पकड़ने वाली थी। घटना के समय वो होटल के कमरे में मौजूद थी। उसका साथी गहरी नींद में था। जब एसी ब्लास्ट हुआ तो बाहर निकलकर देखी। देखने के बाद अपने साथी को जगाई और बाहर निकलने की कोशिश में जुट गई। उसने बताया कि इस दौरान होटल के किसी कर्मी, मैनेजर या किसी ने नहीं बताई की आग लगी है। सब बिन बताए भाग गए। एसी ब्लास्ट नहीं करता तो हम लोग भी जिंदा जल जाते। बहुत हिम्मत करके अपने साथी के साथ कंबल ओढ़कर छत तक पहुंची। तब जाकर जान बच पाई।

**ऐसे लोगों को होनी चाहिए सजा:** शेख दुलारी ने बताया कि पूरा दहशत का माहौल था। हर कोई यही कह रहा था, बचाओ- बचाओ। होटल की व्यवस्था बहुत खराब थी। किसी ने सहयोग नहीं किया। ऐसे होटल को सील कर देना चाहिए। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। महज कुछ घंटे ठहरने के लिए होटल वालों ने 12 सौ रुपए लिए थे।

### पटना जंक्शन इलाके के होटलों में छापेमारी, होटलों में फायर सेफ्टी और मानकों की जांच

एजेंसी, पटना।



पटना के पाल होटल पाल में लगी आग में 6 लोगों की मौत के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में दिख रहा है। शुक्रवार को जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न होटलों में छापेमारी की। अब तक 6 से अधिक होटलों की तलाशी ली जा चुकी है। होटलों में सभी तरह की लापरवाही को ध्यान में रखते हुए चेकिंग हो रही है। पटना सदर एसडीएम दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। जिसे पदाधिकारी रजिस्टर्ड कर रहे हैं। अभी छापेमारी जारी है। टीम में सदर एसडीएम श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर, विधि व्यवस्था डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नीलम कुमार, कोतवाली इंस्पेक्टर शकील अहमद और अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी भी शामिल हैं। पटना के रहने वाले अमित कुमार ने बताया कि खासकर जंक्शन इलाके के होटलों की बहुत ही बुरी स्थिति है। कभी-कभार ट्रेन पकड़ने के दौरान रूम लेने की जरूरत पड़ जाती है तो अंदर से डर लगता है। इतने कंजेस्टेड होटल हैं कि सांस लेने में भी परेशानी होने लगती है। इससे अच्छा तो गोरखपुर हो गया है। जहां पहले इस तरह की होटलों को तोड़ दिया गया है। यहां भी तोड़ने की जरूरत है।

## 14 जिलों में हीट वेव का अलर्ट



♦ 12-3 बजे तक घर में रहने की सलाह; पटना में 41 डिग्री के पास पारा

एजेंसी, पटना।

बिहार के कई जिले लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने 28 अप्रैल तक पटना, पश्चिम चंपारण, गोपलगंज, सारण, बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद, जहानाबाद, शेखपुरा, गया, जमुई, बांका, भागलपुर, पूर्णिया में लू का अलर्ट जारी किया गया है। बाकी 24 जिलों में हॉट डे रहेगा। वहीं गुरुवार को 8 जिलों का पारा 40 डिग्री के ऊपर दर्ज किया गया। गया 41.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ज्यादा गर्म रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज 26 अप्रैल को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच सतही हवा की रफ्तार 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे रहने कि संभावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान घर से बाहर निकलने से बचने और खुद को हाइड्रेटेड रखने की सलाह दी है। पटना जिले में बढ़ती गर्मी से बच्चों के सेहत पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को रोकने के लिए डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने एक बार फिर स्कूलों के टाइमिंग में बदलाव किया है। अब 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिले के सभी सरकारी, निजी, प्री-स्कूल के साथ आंगनबाड़ी में चलने वाली 10वीं तक की कक्षाएं सुबह 10.30 बजे तक चलेगी। 11वीं और 12वीं की कक्षाएं सुबह 11.30 बजे तक चलेंगी।

## मीसा भारती ने खटाल में खोला चुनाव कार्यालय, लालू की बेटी बोलीं-इस बार NDA की विदाई तय

एजेंसी, पटना।



राबड़ी ने कहा-रोहिणी को मिल रहा समर्थन

पटना के दानापुर में पाटलिपुत्र लोकसभा से राजद प्रत्याशी मीसा भारती ने खटाल में चुनाव कार्यालय बनाया है। कार्यालय का उद्घाटन करने राजद सुप्रीमो लालू यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी पहुंचीं। उद्घाटन समारोह के बाद मीसा ने कहा, इस बार एनडीए की विदाई तय है। वहीं, राबड़ी देवी ने कहा कि रोहिणी को भी सारण की जनता का समर्थन मिल रहा है। चुनाव कार्यालय में मीसा भारती ने अपने पति शैलेश के साथ पूजा अर्चना भी की। मीसा भारती ने कहा कि क्षेत्र की जनता बहुत दिनों से कार्यालय की मांग कर रहे थे। अब क्षेत्र के लोग आराम से यहां आकर मिल सकते हैं और अपनी समस्या बता सकते हैं। यही हमारा प्रधान कार्यालय होगा। उन्होंने कहा कि पहले और दूसरे चरण के चुनाव में हमारी गठबंधन की जीत पक्की है। देश की जनता ने 2 बार एनडीए को मौका दिया, लेकिन मोदी सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। इस बार जनता I.N.D.I.A गठबंधन के प्रत्याशियों पर विश्वास जाता रही है।

**इधर-उधर की बात कर निकल जाते हैं पीएम:** प्रधानमंत्री के आज बिहार दौरे को लेकर मीसा भारती ने तंज कसा। उन्होंने कहा, बिहार के मुख्य मुद्दे हैं- युवाओं का पलायन, किसान की आय दोगनी करना, बेरोजगारी खत्म करना, बंद पड़े चीनी मिल को चालू करना और महंगाई खत्म करना। इन मुद्दों पर बोलने के बदले पीएम मोदी इधर-उधर की बात कह कर निकल जाते हैं। मीसा भारती ने दावा कि इस बार एनडीए 200 का भी आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी, 400 तो बहुत दूर की बात है।

**रोहिणी को मिल रहा जनता का समर्थन:** वहीं, राबड़ी देवी ने कहा कि पूरे बिहार में महागठबंधन की जीत तय है। एनडीए के दावा 400 पार को लेकर मुस्कान भरी अंदाज में कहा कि देश के साथ बिहार की जनता देख रही है। बेटी रोहिणी आचार्य को सारण में जनता का समर्थन मिल रहा है।

## किलकारी में समर कैंप की शुरुआत कल से

### रेन डांस से कैंप का होगा उद्घाटन, 70 से भी ज्यादा एक्टिविटी में बच्चे लेंगे भाग

एजेंसी, पटना।



गर्मी छुट्टियों में कई बच्चे कहीं घूमने जाते हैं तो कुछ इस टेक्नोलॉजी वाले दुनिया में घर पर ही मोबाइल से नजदीकी बढ़ा लेते हैं। ऐसे में समर कैंप से जुड़ना नई चीजों को सीखने का एक मौका देता है। इसे देखते हुए पटना के किलकारी में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। किलकारी की चक धूम धूम समर कैंप की शुरुआत 28 अप्रैल से की जाएगी, जो 15 मई तक आयोजित होगी। बच्चों के पसंदीदा रेन डांस से कैंप का उद्घाटन होगा।

**70 से भी ज्यादा एक्टिविटी में बच्चे लेंगे भाग:** इसके लिए किलकारी के बच्चे अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। इसमें रजिस्ट्रेशन बिल्कुल फ्री है। इस कैंप में बच्चों को नृत्य संगीत, वादन, नाटक, फोटोग्राफी एंड साउंड एडिटिंग, कंप्यूटर, विज्ञान, चित्रकला, हस्तकला, मूर्तिकला, सृजनात्मक लेखन, खेल और फन गेम्स में भाग लेने का मौका मिलेगा। 18 दिनों तक चलने वाले इस कैंप में 9 राज्यों के 12 कलाकार/विशेषज्ञ बच्चों को ट्रेनिंग देंगे। इसके साथ ही 40 स्थानीय प्रशिक्षक भी बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। 70 से भी ज्यादा एक्टिविटी में बच्चे भाग लेंगे।

**बिहार की लोक संगीत से लेकर केरल की लोक नृत्य की मिलेगी ट्रेनिंग:** नृत्य में बच्चे बिहार की लोक संगीत परंपरा, तिरुवाथिरा लोक नृत्य (केरल), फ्री स्टाइल डांस, रोप डांस आदि सीखेंगे। वहीं, चित्रकला में पटना कलम चित्रकला, पट्ट चित्र, मधुबनी, स्केचिंग, सब्जी प्रिंट, फेंस पेंट आदि सीखने का मौका मिलेगा। इसके आलावा हस्ताकला में क्विलिंग कला, नेचुरल वेस्ट मेटेरियल से क्राफ्ट निर्माण, मूविंग टॉय मेकिंग के बारे में सिखाया जाएगा। इन बच्चों को यहां के प्रशिक्षकों के अलावा बाहर के प्रशिक्षकों से भी सीखने का मौका मिलेगा।

## दुकानदारों के लिए समय निर्धारित किया गया

एजेंसी, पटना।

♦ सुबह 5 से 9 बजे तक, शाम में 7 से 10 की टाइमिंग, नेहरू पथ पर कोई दुकानें नहीं रहेगी

पटना शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन लगातार कार्य करने में लगी हुई है, जिससे आम लोगों को किसी तरह समस्या नहीं हो। इसके लिए नगर निगम आयुक्त ने दुकानदारों के लिए समय सीमा निर्धारित किया है। नगर निगम आयुक्त ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि शहर में सब्जी और फल दुकानदार की वजह से सड़क पर जाम की समस्या हो जाती है। आम जनों की परेशानी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए स्ट्रीट वेंडर दुकानदारों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए गए हैं। नेहरू पथ पूर्ण रूप से नो वेडिंग जोन रहेगा। इससे आम जनों को समस्या नहीं होगी।

**क्या है टाइमिंग:** सुबह 5 बजे से सुबह 9 बजे तक और शाम 7 से 10 बजे तक की अवधि में ही दुकानें लगेंगी। इसके साथ ही नेहरू पथ पूर्ण रूप से नो वेडिंग जोन रहेगा। आमजन की सुविधा और यातायात को देखते हुए पटना की सड़कों पर ब्लैक स्पॉट पर दुकान नहीं लगानी है। निर्धारित जगहों पर ही वेंडर को दुकान लगाना होगा। बिना लाइसेंस वाले वेंडरों को दुकान लगाने की अनुमति नही होगी। मई के प्रथम सप्ताह में टाउन वेंडर की बैठक आयोजित होगी। नए वेंडिंग जोन में वेंडरों को व्यवस्थित किया जायेगा.

## पति-पत्नी ने की खुदकुशी, लिखा- ससुराल वालों को मत बताना

एजेंसी, पटना।



पटना में दोस्त से कहा- बेटी को अनाथालय छोड़ देना, तुम्हारा बड़ा उपकार होगा

पटना में शुक्रवार सुबह पति-पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किचन से सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड में नोट में पति ने अपने दोस्त को लिखा है कि मैं अपना शरीर त्याग रहा हूं। मेरे मरने के बाद छोटी बेटी को किसी अनाथालय में पहुंचा देना..उस रोने मत देना। हमारे मरने की जानकारी ससुराल को मत देने...क्योंकि मेरी पत्नी की यह आखिरी इच्छा है। मेरे पर्स में कुछ पैसे हैं..तुम इनसे हमारा अंतिम संस्कार कर देना...बस तुमसे अंतिम प्रार्थना है कि तुम मेरी छोटी बेटी को ठीक से पहुंचा देना या पाल लेना। यह मेरा आखिरी खत है।.... मामला बेऊर थाना स्थित दशरथा गांव के इंद्रपुरी मोहल्ले का है। घटना की सूचना के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बेऊर थाना को दी। सूचना मिलने के बाद बेऊर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर पति-पत्नी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

घटना की पुष्टि करते हुए फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विक्रम सिहाग ने बताया कि मामला आपसी पारिवारिक विवाद का बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है।

### गंगा किनारे पटना के वोटर्स लगाएंगे चौके-छक्के

## दीघा घाट पर होगा इंडियन वोटर्स लीग का होगा आयोजन, मैच के साथ वोटर्स को किया जाएगा जागरूक

एजेंसी, पटना।



लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग पटना में 1 जून को होगी। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जगारूक करने के लिए पटना नगर निगम इंडियन वोटर्स लीग (IVL) कराने जा रहा है। यह देश में पहली बार होगा जब वोटिंग के लिए जागरूक करने के लिए क्रिकेट लीग का आयोजन हो रहा हो। इंडियन वोटर्स लीग का आयोजन गंगा किनारे दीघा घाट पर होगा। इसमें नए वोटर्स, महिला वोटर्स, दिव्यांग वोटर्स, युवा वोटर्स, बुजुर्ग वोटर्स, आदि की टीम रहेगी।

**500 से अधिक लाइटें लगाई जाएंगी:** पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि स्पोर्ट्स एक्टिविटी से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। निस्संदेह इस लीग को गंगा किनारे आयोजित किया जाएगा। साइट का इंस्पेक्शन टीम मेंबर ने कर लिया है। एक से दो दिनों में पूरा शेड्यूल तैयार हो जाएगा। यह मैच शाम के टाइम में आयोजित होगी। इसके लिए मुकम्मल लाइट की व्यवस्था की जाएगी। 500 से अधिक लाइट लगायी जाएंगी।

**15 दिनों तक चलेगा मैच:** नगर आयुक्त ने बताया कि यह आयोजन 15 दिनों तक चलेगा। नगर निगम क्षेत्र में 75 वार्ड हैं। इस कार्य में करीब 900 वाहन लगाए जाएंगे। निगम क्षेत्र में सभी डोर टू डोर कचरा वाहन पर लगी माइक से IVL संबंधी संदेश प्रसारित किया जाएगा। पटना शहर में लोगों को मतदान के तहत जागरूक करने के लिए यह पूरा काम किया जा रहा है। यह लीग वार्ड स्तर से शुरू होकर, अंचल और फिर निगम स्तर पर होगा। कई वार्डों को मिलाकर टीमें बनाई जाएगी। इसके बाद मुकाबले होंगे। IVL में शामिल होने टीम हर आयु वर्ग की होगी।

# सशस्त्र सीमा बल एवं नेपाल एपीएफ के बीच कमांडेंट स्तर की बैठक

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

एसएसबी 21वीं वाहिनी एवं नेपाल के एपीएफ के बीच गंडक बैराज बी- समवाय परिसर में मैत्रीपूर्ण वॉलीबाल का रोमांचकारी मैच खेला गया, जिसमें सशस्त्र सीमा बल ने इस मैच को 2/0 से जीत लिया, इस मैच का स्कूल के बच्चो ने खूब लुफ्त उठाया। मैच के बाद 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल तथा नवल परासी व चितवन के बीच कमांडेंट स्तरीय बैठक सीमा चौकी गंडक बैराज कैंप में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रकाश ने किया। बैठक में कहा गया है कि भारत – नेपाल में मैत्री संबंध बना रहेगा। साथ में दोनों देशों के अधिकारी मिलकर तस्करी, मानव तस्करी, शराब तस्करी, मानव व्यापार,सुरक्षा, नक्सल विरोधी, नारकोटिक्स वन उत्पाद, वन जीव उत्पाद, और अन्य निषिद्ध वस्तुओं की तस्करी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए तथा इसे रोकने के लिए दोनों देशों के तरफ से प्रयास होनी चाहिए। सीमा पर अपराधियों को रोकने के लिए सूचना साझा कर आदान प्रदान करें। अगर कोई भी संदेह के घेरे में आ रहा है। तो उसे तुरंत पकड़ कर पूछताछ किया जाए। ताकि वैसे अपराधियों पर नकेल कसा जा सके। आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर नेपाल की तरफ से भारत की ओर किसी भी प्रकार का अवैध शराब तस्करी को रोकने हेतु जरूरी ठोस कदम उठाए जाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान नेपाल व भारत के बिच मेत्री पूर्ण खेल का आयोजन को लेकर चर्चा किया गया। तथा बैठक में आगे कहा गया है कि वैसे लोगों पर भी नजर रखना है।जो अपराधी प्रवृत्ति के हैं। बैठक में असमाजिक तत्वो पर नकेल कसने के लिए रणनीति बनाई गई है। इस बैठक में दोनों देशों के अधिकारियो आपसी सहयोग साथ आपसी तालमेल बनाए रखेंगे। भारत-नेपाल के बीच सदियों से पुरानी संस्कृति साझेदारी है। हमें इसे वर्तमान में और अधिक मजबूत एवं प्रगाढ़ बनाने की आवश्यकता है।



# पौधे देकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया



चाणक्य भूमि

**राजापाकर**।प्रखंड मुख्यालय के बाबा गणिनाथ चौक स्थित अवर डाकघर परिसर में आए सभी ग्राहको एवं डाकघर में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मियों के बीच एक-एक वृक्ष भेंट कर अपना एक-एक बहुमूल्य वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। वृक्ष भेंट करने वाले जल जीवन हरियाली योजना के ब्रांड एंबेसडर सेवानिवृत्त कैप्टन महेंद्र राय द्वारा लोगों को लोकतंत्र के महापर्व जो 5 साल में एक बार आता है अपना बहुमूल्य वोट देकर लोकतंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। मौके पर उन्होंने नारा दिया वृक्ष लगाए मतदान करें एवं अपने अगल-बगल लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। जो भाई-बहन दूसरे प्रदेश में रहकर सरकारी गैर सरकारी कार्य करते हैं वे भी छुट्टियां लेकर लोकतंत्र के इस महा पर्व में एक दिन अवश्य शामिल हों। कार्यक्रम में अनेक ग्राहक, ग्रामीण, गणमान्य लोग शामिल हुए।









# कश्मीर से कन्याकुमारी की यात्रा से लौटे आइकॉन राजन कुमार का मुंगेर में स्वागत

चाणक्य भूमि

**मुंगेर**। चुनाव आयोग के आइकॉन राजन कुमार ने वोटर्स को जागरूक करने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की और जब वह अपने पैतृक गांव मुंगेर पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका शानदार स्वागत किया। मालूम हो कि हीरो राजन कुमार मुंगेर पुत्र हैं। मुंगेर से उनका लगाव जग जाहिर है। पिछले दिनों टेटिया बम्बर प्रखंड में शमशान भूमि का निर्माण करवाना हो या कला ग्राम के कारण वह चर्चा में रहते हैं। यूनिवर्सिटी का सपना लिए ग्रामीणों के बीच राजन कुमार का आना जाना लगा रहता है। इस बार मौके को खास बनाया किलकारी मुंगेर के बच्चों ने, जो राजन कुमार से बहुत प्यार करते हैं। डॉ उदय शंकर ने कहा कि राजन कुमार केवल इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के आइकॉन नहीं है बल्कि वह हमारे मुंगेर को भी पूरी दुनिया के सामने रिप्रेजेंट करते हैं। इसलिए वह हम सब के आइकॉन भी हैं। यहां बच्चों ने राजन कुमार को बहुत सारे तोहफे दिए। राजन कुमार के स्केच बनाकर उन्हें गिफ्ट किया गया। बच्चों से मिलकर और इतना सम्मान पाकर राजन भी भावविभोर हुए। उन्होंने कहा कि देश मे चुनाव चल रहा है और हमें अपने वोट का प्रयोग करना ही है। चार्ली चैपलिन द्वितीय के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा चुके और इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के आइकॉन हीरो राजन कुमार ने कश्मीर से कन्याकुमारी की अनोखी यात्रा मतदाताओं को वोटिंग के लिए जागरूक करने के लिए की। हीरो राजन कुमार ने महेंद्र लालका, डॉ पवन अग्रवाल, पद्मश्री बिमल जैन और डॉ अनील काशी मुरारका सहित कई प्रेरणादायक हस्तियों का आभार जताया जिनके मार्गदर्शन की वजह से उन्होंने इस यात्रा को अंजाम दिया। इससे पहले भी राजन कुमार ने वोटिंग ट्री के माध्यम से लोगों को जागरूक किया था।



# शायर सुशील साहिल की अगवाई में ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन मनोज कुमारसाह

चाणक्य भूमि

**गोड्डा**। ई सी एल राजमहल प्रोजेक्ट के पूर्व चीफ इंजीनियर सह कवि-शायर सुशील साहिल की अगवाई में साहित्यकारों के प्रतिनिधिमंडल ने हरिद्वार और ऋषिकेश का दौरा किया। इस साहित्यिक यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों के कवि एवं शायरों ने हिस्सा लिया। साहित्यिक सह आध्यात्मिक यात्रा जमशेदपुर की संस्था "सार्थक सम्वाद,अपनी आवाज़ अपने अल्फ़ाज़ द्वारा आयोजित किया गया। संरक्षिका डॉ रागिनी भूषण एवम संस्थापिका सोनी सुगन्धा के सहयोग से ऋषिकेश पंडा समाज ने संध्या आरती के बाद त्रिवेणी घाट पर कल कल छल छल बहती मां गंगा की दिव्य धारा के सामने भव्य कवि सम्मेलन का कार्यक्रम रखा। भाग लेने वाले सभी कवियों ने मां गंगा की स्तुति करते हुए अपनी अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय समाज में तीर्थ स्थान के महत्व को विस्तार से वर्णित किया। कवियों ने शुद्ध जल की आवश्यकता एवं उनके संरक्षण पर जोर दिया। कोल्हान विश्वविद्यालय की संस्कृत भाषा प्रमुख रही डॉ रागिनी भूषण ने अपने वक्तव्य में कहा कि जल ही जीवन है ।जल का एक-एक बूंद बहुमूल्य है ।अतः हमें इसका उपयोग सोच समझ कर करना चाहिए। हमें धरोहर के रूप में प्राप्त नदियों, तालाबों एवं अन्य जलाशयों को साफ सुथरा रखने के प्रति सजग रहना चाहिए। इस सम्मेलन में जिन्होंने रचना पाठ किया उनमें जमशेदपुर से वरिष्ठ कवित्री कवयित्री डॉ रागिनी भूषण, नीमच मध्य प्रदेश से वरिष्ठ शायर प्रमोद रामवत, मोरयाना राजस्थान से कवि बालमुकुंद राजपुरोहित, महगामा गोड्डा से शायर सुशील साहिल, बक्सर बिहार से गीतकार शैलेंद्र पाण्डेय शैल, मुंबई से कोहना मश्क़ शायर मन्नान फ़राज़, छिंदवाड़ा से कवयित्री डॉ दीपशिखा सागर, बड़ौदा गुजरात से कवयित्री डॉ राखी सिंह कटियार, पानीपत हरियाणा से शायरा सोनिया सोनम अक्स, मुंबई फिल्म सिटी से स्क्रिप्ट राइटर एवं गीतकार रासबिहारी पाण्डेय,मधुबनी बिहार से कवि नीलाम्बर चौधरी, दिल्ली से युवा कवि विवेक शर्मा, पटना से कवि अविनाश बन्धु एवं आराधना प्रसाद तथा जमशेदपुर से सोनी सुगन्धा आदि प्रमुख हैं। इस ऋषिकेश धाम प्रचारिणी सभा प्रमुख विनय उनियाल ने सभी आगंतुक कवियों कवित्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें गंगा आरती कराई तथा प्रसाद स्वरूप , रुद्राक्ष की माला, गंगाजल, अंग वस्त्र एवं फल इत्यादि प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रागनी भूषण ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सोनी सुगंधा ने किया।











# चिलचिलाती धूप के साथ गुमश भरी गर्मी के बीच कटिहार जिले के मतदान केदों पर मतदाताओं ने मताधिकार का किया प्रयोग

चाणक्य भूमि

**कटिहार**। चिलचिलाती धूप के साथ-साथ गुमश भरी गर्मी के बीच कटिहार जिले के विभिन्न मतदान केदो पर मतदाताओं ने अपना अपना मताधिकार का प्रयोग किया। निर्धारित समय सुबह 7:00 से अधिकांश मतदान केंद्र पर मतदान कार्य प्रारंभ हो गया। सुबह 6:00 बजे से ही ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं ने मतदान केदो पर मतदान करने के उद्देश्य से पहुंच गये। मतदान केंद्र पर स्वतः कतारबद्ध होकर खड़ा हो गए और अपनी-अपनी बारी का इंतजार करने लगे। सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे दिन तक जिले में किसी मतदान केंद्र पर 25%, किसी मतदान केंद्र पर 30%, तो किसी मतदान केंद्र पर 32%, मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 11:00 दिन से 2:00 दिन तक मतदाता की संख्या मतदान केंद्र पर हल्की होती गई। क्योंकि चिलचिलाती धूप के साथ-साथ भीषण गर्मी रहने के कारण इस अवधि में मतदाता मतदान केंद्र पर कम संख्या में पहुंचे।एक बजे तक 35.37% मतदान हुआ।जिसके कारण 3:00 बजे तक किसी मतदान केंद्र पर 40%, तो किसी मतदान केंद्र पर 42%, तो किसी मतदान केंद्र पर 43%, मतदान हुआ। मतदान केंद्र पर महिलाएं बड़ी संख्या में भाग ली। महिला मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। मतदान केंद्र पर पेयजल की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मतदाताओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। वैसे अधिकांश मतदान केंद्र पर सेड की व्यवस्था की गई थी। लेकिन धूप इतनी तेज थी कि सेड रहने के बावजूद भी मतदाताओं को धूप एवं गर्मी का सामना करना पड़ा।मतदान केदो पर विकलांग मतदाता के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्र पर एक पीठासीन पदाधिकारी, तीन सहयोगी पीठासीन पदाधिकारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। अधिकांश मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कार्य हुआ। प्रशासन के द्वारा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मतदान करने का निर्णय लिया है। 4:00 बजे से धीरे-धीरे मतदान केदो पर मतदाताओं की संख्या बढ़ती गई। निर्धारित समय 6:00 तक मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। किसी बूथ पर 50%,तो किसी बूथ पर 52%, किसी बूथ पर 53%, तो किसी बूथ पर 54%, किसी बूथ पर 55%, किसी बूथ पर 58% मतदान होने की सूचना मिल रही है। वैसे प्रशासनिक स्तर पर अभी तक मतदान की प्रतिशत की संख्या नहीं बताई गई है।डीएम, एसपी,एसडीओ,डीएसपी,बीडीओ सहित उच्च अधिकारी कई मतदान केंद्र का जायजा लिया। संबंधित प्रतिनियुक्ति अधिकारी को कई निर्देश भी दिया।



- **मतदान केंद्र पर महिलाएं बड़ी संख्या में लिया भाग**
- **मतदान केंद्र पर शेड तथा व्हील चेयर की व्यवस्था थी**
















# सफारी मार्ग पर पेड़ गिरने से घंटो फंसे रहे पर्यटक



चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

वाल्मीकिनगर में सफारी मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर अचानक एक विशाल पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से जंगल सफारी मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया और उस मार्ग पर सफारी में गए पर्यटकों को काफी देर तक रास्ता खुलने का इंतजार करना पड़ा। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आपको बता दे कि पेड़ जंगल मार्ग पर पड़ा होने के कारण पर्यटको के वाहन जंगल में फंस गए। मामले की सूचना वन विभाग को दी गई । वनकर्मियो की टीम मौके पर पहुंचकर पेड़ को रास्ते से हटाने की कार्रवाई शुरू की तब जाकर पर्यटक जंगल से बाहर निकले। वाल्मीकिनगर रेंजर के अनुसार गिरे पेड़ को काटकर हटा दिया गया है।पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

# इनरवा पुलिस ने 73 पीस नेपाली कस्तूरी शराब किया जब्त

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

इनरवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गश्ती के दौरान 73 पीस नेपाली कस्तूरी शराब को पुलिस ने किया जब्त इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की इनरवा भारत नेपाल बॉर्डर अंतर्गत 73 पीस नेपाली कस्तूरी शराब जब्त किया गया है। वहीं तस्कर मौके पर शराब फेंक कर नेपाल के तरफ तस्कर फरार हो गया अज्ञात के विरोध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रसर कार्यवाही की जा रही है ।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714